Title: Request to pay compensation to the victims of an accident between Maharashtra Express Train and Jeep causing death of Eleven labourers in Ahmednagar district.

श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर) : उपाध्यक्ष महोदय, २७ तारीख को हमारे जिले अहमदनगर में महाराष्ट्र एक्सप्रैस से एक दुर्घटना २९ नम्बर गेट पर घटी और उसमें गन्ना तोड़ने वाले ११ मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। मुझे यह नहीं पता कि इसके लिए रेलवे विभाग जिम्मेदार है या नहीं। लेकिन वहां ओवरब्रिज का काम चालू था, इसलिए वहां बाई-पास बनाया गया है, लेकिन इस बाई-पास की दूरी लगभग चार-पांच किलोमीटर है, लेकिन उसमें इतने अधिक गड्ढे हैं कि कोई भी आदमी उधर से गुजरना नहीं चाहता। इसी कारण से लोग रेल की पटरी से गुजरते हैं। जो जीप दुर्घटनाग्रस्त हुई, उसने उसी रास्ते का इस्तेमाल किया और एक्सीडेंट हो गया और ११ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना के लिए जीप ड्राइवर जिम्मेदार है या नहीं, यह मुझे मालूम नहीं है। लेकिन मेरा कहना यह है कि जिन ११ मजदूरों की मौत हुई है वे बहुत ही गरीब परिवारों से संबंध रखने वाले लोग थे। इसलिए मेरी आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है कि इन परिवारों के लिए ज्यादा से ज्यादा धनराशि की व्यवस्था की जाए। धन्यवाद।